## एक नजर में

### रामेश्वर मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

**खंडवा।** चम्पानगर सेन मंदिर परिसर में 15 से 21 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक पूज्य गुरूदेव पंडित आशिषानंद महाराज भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। आयोजन समिति के मुकेश श्रीवास ने बताया कि इस अवसर पर रामेश्वर मंदिर से 15 दिसम्बर को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकलेगी। महिला मंडल ने श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

### नवनियुक्त बीएड शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ

**खण्डवा।** लोक शिक्षण संचालनालय ने जानकारी दी है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील और उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के क्रम में प्राथमिक शिक्षक पात्र परीक्षा वर्ष 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिये नेशनल ओपन स्कूल (एनआईओएस) द्वारा ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। संबंधित शिक्षक 25 दिसम्बर 2025 तक एनआईओएस के पोर्टल पर https://bridge.nios. ac.in समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन न कराने वाले अथवा निर्धारित समय-सीमा में ब्रिज कोर्स उत्तीर्ण न करने वाले प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी नहीं रखी जा सकेंगी।

### शिक्षक चयन परीक्षा-2024 के दस्तावेज अपलोड, सूचना जारी

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित माध्यमिक शिक्षक विषय खेल, गायन, वादन तथा प्राथमिक शिक्षक खेल, गायन, वादन, नृत्य चयन परीक्षा वर्ष 2024 के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सूचना जारी की है। सूचना में बताया गया है कि परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों में से जिन अभ्यर्थियों ने अब तक दस्तावेज अपलोड नहीं किये हैं अथवा उनका नाम पोर्टल trc.mponline.gov.in पर दस्तावेज सत्यापन के लिये समय-सारणी की सूची में नहीं है। इन शिक्षकों से शिक्षक 16 एवं 17 दिसम्बर 2025 को पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रोफाइल पंजीयन कर दस्तावेज अपलोड करने के लिये कहा गया है। अभ्यर्थी 18 दिसम्बर 2025 को उनके द्वारा चयनित जिलों में दस्तावेज सत्यापन के लिये उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी पोर्टल trc.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

### कल्प शक्ति सम्मान समारोह में बढ़ा खंडवा का गौरव




तान्या खेटपाल को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सम्मान

**खंडवा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट कृष्णिका एमपी-1 व्दारा एक भव्य एवं यादगार आयोजन जाल सभा गृह में अत्यंत ही सुंदर एवं गरिमामय वातावरण में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंडी की अध्यक्षता में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में लीनेस क्लब ऑफ खंडवा ग्रेटर की तान्या खेटपाल को प्रोजेक्ट मानव सेवा ही माधव सेवा है व्यक्तिगत मानव सेवा ही सर्वोत्तम है के तहत बेस्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रेसिडेंट कल्पना बंडी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लायनेस सदस्याओं को सम्मानित किया। आयोजन के दौरान साधना भंडारी, कांफ्रेंस चेयरपर्सन ममता छाजेड़, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ आभा शर्मा, मल्टीपल कोऑर्डिनेटर सुनीता फरक्या, पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रचना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लायनेस सदस्य उपस्थित रहीं।

### प्रीलिटिगेशन स्तर पर 1733 प्रकरणों का निराकरण कर 1,04,59,957 रू. की वसूली

**खंडवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय खंडवा तथा तहसील सिविल न्यायालय हरसूद एवं पुनासा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय खंडवा के ए.डी.आर. भवन में खंडवा में विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर नॅशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु कुल 19 खंडपीठों का गठन किया गया। जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित कुल 448 राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर 87220497/- रू. राशि का अवार्ड पारित किया गया साथ ही प्रीलिटिगेशन स्तर पर 1733 प्रकरणों का निराकरण कर 10459957/-रू. राशि की वसूली कर पक्षकारो को लाभन्वित किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश एवं समन्वयक नेशनल लोक अदालत अनिल चौधरी, जिला न्यायाधीश आशीष प्रताप सिंह, अरविंद सिंह टेकाम, वीरेन्द्र जोशी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायाधीश अरविंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे एवं अन्य न्यायाधीशगण, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र पाथरीकर एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा लोक अभियोजन से जुड़े अधिकारियो के साथ-साथ पैरालीगल वालेंन्टियर्स भी उपस्थित थे।

### भगवान पार्श्वनाथ चंद्र प्रभु के जन्म तप कल्याणक पर आज आयोजित होगी शांति धारा



**खंडवा।** सराफा स्थित अति प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक प्रभु 1008 श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान एवं अष्टम तीर्थेश्वर श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान का 15 दिसंबर आज पौष वदी एकादशी को प्रातः 7.00 बजे जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव मनाया जाएगा। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विभव सागर महाराज जी के मुखारविंद से ससंघ सानिध्य में मूलायक प्रभु श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के मस्तक पर व जलवट में विराजमान श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान के मस्तक पर अभिषेक एवं वृहत शांतिधारा की जावेगी। समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन भटयांन ने सभी साधर्मी बंधु समाजजन से आयोजित अनुष्ठान में परिवार सहित उपस्थित होकर पुण्य प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### भाजपा पिछड़ा मोर्चा की जिला बैठक संपन्न

**खण्डवा।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। इस बैठक में पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार का खण्डवा जिले में प्रथम आगमन की तैयारियों हेतु आवश्यक चर्चा हुई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा प्रदेश में मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों एवं अध्यक्षों के नियुक्त होने के पश्चात यह पदाधिकारी अब अलग-अलग जिलों में जाकर परिचय बैठक ले रहे हैं इस संदर्भ में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का प्रवास खंडवा हो रहा है प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। जिला स्तर की इस बैठक में विशेष रूप से प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी धीरज पाटीदार उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत हुई शतरंज प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। किशोर कुमार सभागृह में सांसद खेल महोत्सव के तहत शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ खंडवा विधायक कंचन तन्वे और कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शतरंज की चाल चलकर किया।**

प्रतियोगिता में कुल 96 बच्चों ने भाग लिया। कुल 6 राउंड में प्रतियोगिता संपन्न हुई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र में छुपी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ कराया है।

इस अवसर पर खंडवा विधानसभा खेल प्रभारी दिनेश पालीवाल, हरीश कोटवाले, जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी राजेश बछानिया उपस्थित थे।





**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम...**

प्रथम अक्षय सिंह तोमर
द्वितीय स्वरित राठौर
तृतीय रविंद्र थत्ते
चतुर्थ नित्यानंद मौर्य
पंचम अंकुर भट्ट।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे विधायक संतों का स्वागत कर भोजन कराया



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** संत गण परमात्मा से मिलन का मार्ग प्रशस्त कर हमें राह दिखाते हैं। हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। अतः साधु संतों का जब भी समागम का हमें लाभ प्राप्त हो उनके दर्शन कर उनके सत्संग का लाभ हमारे जीवन के कल्याण के लिए अवश्य करना चाहिए।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे जसवाड़ी रोड स्थित अति प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में संत अर्जुन दास महाराज द्वारा आयोजित संत मिलन समारोह में सम्मिलित हुईं। विधायक श्रीमती तन्वी ने हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर इस अवसर पर उन्होंने संतजनों के दर्शन कर स्वागत-सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के दौरान विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा संतजनों को भोजन प्रसादी का वितरण भी किया गया।

प्रवक्ता सुनील लेने बताया कि विधायक कंचन तनवे के साथ ही इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री राजपाल सिंह चौहान, सुनील जैन, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत चौरसिया, पार्षद प्रकाश यादव, लोकेंद्र सिंह गौड़, संदेश गुप्ता, जितेंद्र सिसोदिया, विशाल छाबड़ा, सतनाम सिंह होरा सहित संतजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# हार-जीत का दाव लगाते हुए 7 आरोपियों को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 22 प्रकरणों मे 23 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरणों मे 01 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरणों मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 11 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 11 जमानती वारंट, 25 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

थाना नर्मदानगर के आरोपीगण 1. दुलीचन्द पिता खुश्याल हरिजन उम्र 40 साल निवासी नर्मदानगर, 2. अनिल पिता लेखराम जाति धोबी उम्र 32 साल निवासी नर्मदानगर, 3. मुकेश पिता सुन्दरलाल राठौर उम्र 41 साल निवासी नर्मदानगर, 4. गोपाल पिता घासीराम कोरकू उम्र 52 साल निवासी नर्मदानगर, 5. उमेश पिता वंशीलाल मेहतर उम्र 38 साल निवासी नर्मदानगर, 6. भूपेन्द्र पिता कालूराम प्रजापत उम्र 28 साल निवासी नर्मदानगर, 7. रोहित पिता कालूराम जाति कुम्हार उम्र 30 साल निवासी नर्मदानगर को ताश पत्तों से रुपयों की हार जीत का दांव लगाते पकड़ा गया एवं 52 ताश पत्ते एवं 4300/-रुपए नगदी जप्त किए गए। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 38 वाहन चालकों के विरुद्ध एमव्हीएक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 20600/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे नयन



कलेक्टर गुप्ता ने नयन को बधाई और शुभकामनाएं दीं

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लोक निर्माण विभाग के नयन सुगंध भी शामिल होंगे। नयन इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में प्रथम स्थान पर हैं।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन गौड़ा ने शनिवार शाम को नयन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं।

खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक अमीन अहमद ने बताया अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता गांधीनगर गुजरात में आगामी 16 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में लोक निर्माण विभाग के नयन सुगंध टीम में प्रथम स्थान पर भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि नयन सुगंध ने निरंतर अभ्यास करते हुए अपने शानदार खेल प्रदर्शन से टीम में पहले स्थान पर अपनी जगह बनाई है।

# रंग संस्कृति सृजन समारोह में हिन्दी/निमाड़ी साहित्यकार दीपक चाकरे चक्कर सम्मानित



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रंग संस्कृति सर्जन समिति द्वारा भोपाल में आयोजित त्रि-दिवसीय रंग नाट्य समारोह के प्रथम दिवस शहर के हिंदी निमाड़ी साहित्यकार दीपक चक्कर को सम्मान निधि के साथ पुष्पगुच्छ, शाल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मनोहर तिवारी माखनलाल विश्वविद्यालय के कुल गुरु, रंग संस्कृति के संपादक यतीन्द्र नाथ अत्रे भोपाल थे।

इस उपलब्धि पर गोविंद शर्मा, देवेन्द्र जैन, डॉ.जगदीशचंद चौरे, सुनील उपमन्यु, सुनील जैन, राजमाला आर्य, अकिल खान, शिशिर उपाध्याय बड़वाह, आनंद सावनेर, मनोहर मालाकार, सुनीता बुके, सत्य नारायण चौहान, माधुरी मालपानी एवं रणगांव क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त कर श्री चाकरे को शुभकामनाएं दी।

## जनवरी माह में होने वाले सम्मेलन को लेकर किया जा रहा जनसंपर्क

**खंडवा।** जनवरी में हिंदू सामाजिक समरसता के भाव को लेकर कई स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। इस हेतु जगह-जगह पर बस्ती बैठक के साथ स्वयंसेवक गृह संपर्क कर हिंदू सम्मेलन में लोगों को आमंत्रित करने का निमंत्रण दे रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आनंद नगर बस्ती के स्वयंसेवको द्वारा हिंदू सम्मेलन को लेकर सघन गृह संपर्क अभियान प्रारंभ है। हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोर- शोर से चल रही है इस निमित्त कई कार्यकर्ता स्वयंसेवक बंधु सहसंयोजक हिंदू सम्मेलन राजेंद्र भार्गव, बाबा मिटावलकर, संतोष राठौड़, नितेश पटेल, सुरेश कुमार राय, बृजभूषण झा, राकेश शरण, सतीश पौराणिक, दीवान जी, पीसी राठौर, श्री बघेल जी श्री पवार जी, मदन लाल सोनी मनोज पाठक अशोक सोनी राजेशजी चौक से एवं कई कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में जुटे हुए हैं।

# सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता में दादाजी क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

**नव भारत न्यूज**

**खंडवा। जिला मुख्यालय खंडवा में जीम खाना क्रिकेट ग्राउंड पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। शुक्रवार को क्रिकेट मैदान पर दादाजी क्रिकेट क्लब और ब्लास्टर क्लब के बीच मैच हुआ जिसमें ब्लास्टर क्लब ने पहले बेटिंग करते हुए 81रन बनाए, दादाजी क्रिकेट क्लब ने दो विकेट के नुकसान पर 82 रन बनाकर आठ विकेट से ये मैच जीत लिया, दादाजी क्रिकेट क्लब के रितिक ने 49 रन बनाए ओर तीन विकेट लिए।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी दिनेश पालीवाल के मार्गदर्शन में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को अतिथि के रूप में एडीएम श्री बडोले, धर्मेंद्र बजाज, राजेश तिवारी, दिनेश पालीवाल प्रवक्ता सुनील जैन, नारायण बाहेती, लायंस क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय, हरीश कोटवाले गणेश गुरबाणी, परमजीतसिंग नारंग, चंद्रेश पचौरी, सागर आरतानी, अनिल भगत, सदानंद यादव, तजेंद्र बाथम, कपिल अनजने, रामसिंग रावत, योगेश जोशी जितेंद्र सिसोदिया, सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**मुनि दीक्षा महोत्सव** — दीक्षा दिवस पर आयोजित गुरू पूजन समारोह में पूज्य गुरुदेव ने उपस्थित बंधुओं को आशीर्वचन प्रदान किए

# 28वां मुनि दीक्षा महोत्सव व शीतकालीन वाचना कलश स्थापना समारोह संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। आचार्य श्री 108 विभव सागर महामुनिराज जी का 28 वां मुनि दीक्षा महोत्सव व शीतकालीन वाचना कलश स्थापना समारोह दिनांक 14 दिसंबर 2025 रविवार को श्री पोरवाड दिगंबर जैन धर्मशाला सराफा में सम्पन्न हुआ।**

जिस प्रकार दर्पण का उपयोग हम स्वयं को निखारने और संवारने के लिये करते, उसी प्रकार वीतरागी भगवान का दर्शन स्वयं के भीतर वीतरागी गुणों के दर्शन के लिये करना चाहिए! भूतकाल के कर्मों का प्रतिफल वहन करना परिहार्य होता है, यद्धपि जिस प्रकार गरुड के दर्शन मात्र से विषधर की पकड ढीली हो जाती है, उसी प्रकार भक्ति के प्रताप से हमारे पूर्व कर्मों की निर्जरा भली भांति हो जाती है! मन मंदिर की वेदी में निर्मल भक्ति से जन्म जन्मांतर के सघन बंध भी कट जाते हैं! भक्ति ही मोक्षमार्ग का साधन है, देव शास्त्र और गुरु के प्रति श्रद्धान और अनन्य भक्ति हमे सिद्ध बना सकती है उक्त संबोधन आचार्य विभवसागरजी महाराज के अट्ठाईसवें दीक्षा दिवस पर आयोजित गुरू पूजन समारोह में पूज्य गुरुदेव ने उपस्थित बंधुओं को आशीर्वचन प्रदान कर किये।






समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि शीतकालीन वाचना कलश के प्रथम मुख्य कलश के पुण्यार्जक संतोष जैन बॉस, सौरभ आशिमा जैन, गौरव रोशनी जैन (सराफ परिवार), द्वितीय कलश वीरेंद्र मधुलिका जैन, नरेंद्र जैन, अचल प्रतीशा जैन, विचल आयुषी जैन (भट्टयांण परिवार), तृतीय कलश सुरेशचंद शकुंतला जैन, जितेंद्र सपना जैन लुहाडिया परिवार को सोभाग्य प्राप्त हुआ।

आचार्य श्री जी के कर कमलों में शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य विजया बाई पहाड़िया, कैलाश सुनीता पहाड़िया, कीर्ति पहाड़िया, आचार्य जी के पाद प्रक्षालन कराने का सौभाग्य ब्रह्मचारी दिनेश जैन परिवार इंदौर को प्राप्त हुआ।

मुनि सेवा समिति के मीडिया प्रभारी सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि पूज्य आचार्य संघ की आहारचर्या एवं पडगाहन शहर में अविस्मरणीय हो रहा है, दर्जनों श्रावक पूजन वस्त्रों में गुरू का आव्हान एवं आहार हेतु नवधा भक्ति से निमंत्रण करते हुये आकर्षक प्रतीत हो रहे हैं, शहर में बडी संख्या में साधुओं की उपस्थिति शहर को तीर्थ बना रही है। समस्त ट्रस्ट मंडल प्रतिनिधी, बडी संख्या में साधर्मी बंधु कार्यक्रम मे उपस्थित रहे, आज पूज्य आचार्य संघ के आहार का सौभाग्य योगेंद्र जैन, दीपक पाटनी, ख्यालीलाल सेठी, प्रवीण बैनाडा, कैलाश पहाडिया परिवार ने प्राप्त किया!